# COVID-19 से लड़ने में आप क्या कर सकते हैं

## परीक्षण





अपनी स्थिति जानें। COVID-19 और एंटीबॉडी परीक्षण मुफ्त में करवाएं।

## ट्रेस करना



अपने समुदाय में COVID-19 का प्रसार रोकने में मदद करने के लिए हमारे संपर्क ट्रेसर के कॉल का उत्तर दें।

## देखभाल करना



दूसरों को बचाने के लिए सुरक्षित रूप से अलग रहें और किसी होटल या घर में अपनी देखभाल करें।

NYC Test & Trace Corps आपकी व्यक्तिगत एवं स्वास्थ्य जानकारी की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमें प्राप्त सारी जानकारी न्यूयॉर्क शहर स्वास्थ्य संहिता के अंतर्गत गोपनीय एवं संरक्षित है। Test & Trace Corps किसी की भी आप्रवास स्थिति के बारे में नहीं पूछेगा।

NYC HEALTH+ HOSPITALS

Test & Trace Corps

# अपना संरक्षण करें।
# अपने प्रियजनों का संरक्षण करें।
# न्यूयार्क शहर फिर से खुलने में मदद करें।

हमारा शहर सुरक्षित रूप से फिर से खोलने में तथा COVID-19 का संक्रमण रोकने में हरेक न्यूयॉर्कवासी को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। आप खुद को, अपने प्रियजनों, और पूरे समुदाय को संरक्षित करने के लिए NYC Test & Trace Corps से मदद लेने में आप निम्न तीन उपाय कर सकते हैं। न्यूयार्क शहर सुरक्षित रूप से फिर से खुलने में मदद करें!

## मन की शांति के लिए - परीक्षण करवाएं

अपनी स्थिति जानने और मन की शांति के लिए आप COVID-19 परीक्षण **मुफ्त** में करवा सकते। वे साइट देखें जो यह जानने के लिए एंटीबॉडी परीक्षण की पेशकश भी करती हैं कि क्या आपको पहले से वायरस था। ये परीक्षण **मुफ्त**, सुरक्षित और गोपनीय हैं। शहर में सैकड़ों NYC Test & Trace Corps जाँच केंद्र हैं।

**अपॉइंटमेंट लेने की कोई जरूरत नहीं। अपने आसपास कोई परीक्षण साइट खोजने के लिए nyc.gov/covidtest देखें या 311 पर कॉल करें।**

## संक्रमण रोकने के लिए - कॉल का उत्तर दें

अगर आप संक्रमित हैं या COVID-19 के प्रभाव में हैं, तो आपको NYC Test & Trace संपर्क ट्रेसर से कॉल आएगा। अगर आप NYC Test+Trace या 212 नंबर से कॉल देखें, तो फोन का उत्तर दें।

**संपर्क ट्रेसर:**

- आपको पूछेगा कि आप कैसा महसूस कर रहे हैं।
- आपको स्वस्थ, और दूसरों से सुरक्षित रूप से अलग रहने में मदद के लिए संसाधन प्रदान करेगा।
- आपको बताएगा कि आपको कितने समय के लिए अंदर और अन्य लोगों से दूर रहना होगा।




**अगर आप COVID-19 से संक्रमित हैं, तो संपर्क ट्रेसर:**

- आपको ऐसे प्रश्न पूछेगा जिनसे पता लगाया जा सके कि आपको संक्रमण कैसे हुआ था।
- उन सभी के नाम और संपर्क जानकारी पूछेगा, जिनके साथ आपका निकट संपर्क हुआ था ताकि उनकी रक्षा करने के साथ-साथ दूसरों तक वायरस का संक्रमण रोकने में मदद की जा सके।

**संपर्क ट्रेसर कभी भी:**

- आपका नाम या सामाजिक सुरक्षा नंबर नहीं पूछेगा।
- निजी वित्तीय या क्रेडिट कार्ड की जानकारी नहीं मांगेगा।
- आपको फोन, टैबलेट, या कंप्यूटर पर सॉफ्टवेयर को नियंत्रित करने या डाउनलोड करने के लिए नहीं कहेगा।

अगर संपर्क ट्रेसर आपसे फोन पर बात नहीं कर पाता है, तो उन्हें आपके ठीक होने की जांच करने के लिए व्यक्तिगत रूप से आपसे मिलने आना पड़ सकता है। वे प्रमाण के लिए आपको NYC Test & Trace Corps संपर्क ट्रेसर का अपना पहचान-पत्र दिखाएंगे।

## अपना ध्यान रखें - अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए

यदि आपको COVID-19 होने का पता चला है या किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में रहे हैं, तो NYC Test & Trace Corps आपको किसी होटल या घर में सुरक्षित रूप से अलग रहने में मदद कर सकता है।

देखभाल वाले होटल मुफ्त, सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक हैं। हम परिवहन, भोजन, इंटरनेट, केबल टीवी, एयर कंडीशनिंग, मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण सहायता और प्रियजनों से जुडे रहने के लिए असीमित स्थानीय कॉल प्रदान करते हैं।

अधिक जानकारी के लिए
**1-212-COVID19** (1-212-268-4319)
पर कॉल करें या **testandtrace.nyc** देखें।

NYC HEALTH+ HOSPITALS | Test & Trace Corps